प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## हरेला पर्व साप्ताहिक कार्यक्रम के अर्न्तगत शिवालिक भवन में वृक्षारोपण आयोजित

पन्तनगर। 20 जुलाई 2023। विश्वविद्यालय के शिवालिक भवन छात्रावास में हरेला पर्व साप्ताहिक कार्यक्रम के अर्न्तगत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा पेड़ लगाकर किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. बृजेश सिंह; कुलसचिव एवं अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. के.पी. रावेरकर एवं छात्रावास अभिरक्षक डा. राजीव रंजन कुमार ने छात्रों के साथ मिलकर छात्रावास परिसर में अशोक एवं अमरूद के 36 पेड़ लगाये। कुलपति ने छात्रावास परिसर में पूर्व में लगाये गये आम, आंवला, कटहल, नींबू, अमरूद, नीम, बेल, अनार आदि पेडों के रखरखाव के देखते हुए छात्रों को बधाई दीं। कुलपति ने छात्रों को हरेला पर्व के अवसर पर वृक्षारोपण किये जाने के महत्ता से अवगत कराया एवं छात्रों के द्वारा किये जा रहे शोध कार्यों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर डा. वी.एन. साही, डा. शोभित गुप्ता, डा. जी.एस. बोहरा, डा. वी.सी. चन्याल, श्री डी.एस. कुल्याल, श्री सुनील कुमार एवं छात्रावास के लगभग 80 विद्यार्थी उपस्थित थे।



*शिवालिक भवन छात्रावास में वृक्षारोपण करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*




*छात्रावास में विद्यार्थियों से वार्ता करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।*

निदेशक संचार